जय रघुवीर जी की
जय महाबीर जी की

साडा है सजन राम, राम है कुल जहान

जय रघुवीर जी की
जय महाबीर जी की

राम नौमी यज्ञ उत्सव

सत्वस्तु के कुदरती ग्रन्थ की महिमा

सत्वस्तु में क्या होगा सजनों सुनो,
सत्वस्तु में विचार ते सत् ज़बान होसी,
एक दृष्टि ते एकता महान होसी ।
एकता दिखाओ सजनों संकल्प ते फतह पाओ
मेल प्रभु नाल खाना जे, ते जीवन सफल बनाना जे ।
रघुनाथ रघुवंश–मणि जनचर बनचर जड़चेतन, सब कोई है आप दी शरणी

सजनों सुनो :– महाराज जी क्या कह रहे हैं

असां आप करांगे यज्ञ असां आप हां सर्वज्ञ

जय सजन श्री शहनशाह महाबीर जी की, जय सजन दयालु रघुबीर जी की

सजन जी,

जय सीता राम जी

इस साल भी यज्ञ सतयुग दर्शन वसुन्धरा पर होना है। यज्ञ 14.04.2024 से शुरू होकर 17.04.2024 रात को (सुबह 18.04.2024) समाप्त होगा। आप सब सजनों को पता है कि महाबीर रघुनाथ जी का जन्म दिन, साल में एक बार आता है। प्रभु जन्म में तो नहीं परन्तु नीति के तौर पर उनका जन्म दिन मनाया जाता है। प्रभु सब के सांझे हैं। सो सब सजनों को चाहिये कि वे यज्ञ पर जन्म उत्सव मनाने जरूर आवें। जिन स्त्री सजनों के पति यज्ञ पर नहीं आते उन्हें भी साथ ले आवें। जो सजन सोये पड़े हैं उन को भी जगा कर ले आवें। यह भी परोपकार है। प्रेम इतना बढ़ावें कि प्रेम उछाले मारे। नयन महाराज जी से जुड़े हों। जो मन मन्दिर प्रकाश है सोई जग अन्दर देखते आना है। यज्ञ पर आने के वक्त पहले अरदास (प्रार्थना) कर के फिर चरण–शरण करनी है। उसके बाद सात बार "साडा है सजन राम, राम है कुल जहान" पढ़ कर गाड़ी पर चढ़ना है। घर के इन्तज़ाम करके आना है। जिन सजनों की नौकरी है वे छुट्टी ले लेवें और जिन सजनों की दुकानें हैं वे चार दिन दुकानें बन्द कर देवें। महाराज जी को न रुसावें। जिस ईश्वर ने हम सब को पैदा किया है यदि वह ईश्वर इस तरीके से प्रसन्न हों तो हमें उनको ज़रूर प्रसन्न करना चाहिये। सब सजनों को आने के लिए कहें। अपने रिश्तेदारों को जहां भी कोई सजन हों उनको यज्ञ का पत्र लिख दें। यहां अमीरी गरीबी का सवाल नहीं है। यहां बड़े–छोटे नहीं। चाहे कोठियां वाले हों, चाहे झोंपड़ी वाले हों सब को आने के लिए कहें। जो सजन रोगी हैं या जिस के घर तकलीफ हो वह सजन ना आवे। जिन सजनों ने नाम नहीं लिया हुआ यदि वे आना चाहें तो उन्हें भी साथ ले आवें। सब सजन पिछले साल की तरह मौन व्रत धारण करके आवें। यहां पहुंच कर किसी रिश्तेदार से बातचीत नहीं करनी। केवल 'जय सीता राम' करनी है और वह भी पांच कदम दूर हो कर। जो सजन आपस में बातचीत करते पकड़े जावेंगे उनको यज्ञ में ठहरने की आज्ञा नहीं होगी और वापिस भेज दिया जाएगा।

जब आप सजन वसुन्धरा पर पहुंचेंगे तो जो सजन अगवानी के लिए खड़े होंगे वे "आओ जी–जी आयां नूं" बोलेंगे तो आप सजनों ने चुप रहना है। फिर वसुन्धरा के अन्दर आ कर आप सजनों ने नीचे लिखे हुए शब्द बोलने है :–

इको रूप तुम्हारा महाराज जी इको रूप तुम्हारा
प्रकाश रिहा जग सारा महाराज जी प्रकाश रिहा जग सारा,
इको रूप तुम्हारा इको रूप तुम्हारा
इको रूप तुम्हारा महाराज जी प्रकाश रिहा जग सारा,
मन मन्दिर ओही प्रकाशे, जग अन्दर ओही ओ जापे,
प्रकाश रिहा जग सारा महाराज जी इको रूप तुम्हारा
इको रूप तुम्हारा इको रूप तुम्हारा
प्रकाश रिहा जग सारा महाराज जी इको रूप तुम्हारा ।

ध्वनि : एक निगाह ओ एक दृष्टि ओ एक दृष्टि ओ एक दर्शन
जनचर बनचर जड़ ओ चेतन, ओ एक दर्शन ओ एक दर्शन ।

नोट :
1. ग्रन्थ की सवारी पहले की तरह 13.04.2024 को शाम के 5:30 बजे चलेगी। सब सजन सफेद कपड़ों और अपनी चुन्नी के साथ जलूस में शामिल होकर इस की शोभा बढ़ावें और चरण धूल लेवें ।
2. हर सभा का मैम्बर अपनी सभा के हर सजन का नाम और जात लिख कर एक लिस्ट बना कर लावे।
3. सब सजनों ने एक–एक कम्बल और दरी साथ लानी है। सामान अपना आप उठाना है और सामान तथा अपनी–अपनी जेब का पूरा ख्याल रखना है। अपने 2 रिश्तेदारों को यज्ञ की सूचना दे देवें ताकि सब सजन प्रभु के दर्शन कर सकें।
4. सब स्त्री सजनों ने अपने पति सजनों को ज़रूर साथ लाना है। हर साल की तरह पक्का मौनव्रत है। यज्ञ पर आना भी मौनव्रत के साथ, जाना भी मौनव्रत के साथ। यज्ञ की समाप्ति के बाद भी आपस में बातचीत नहीं करनी ।
5. यज्ञ के बाद मीटिंग 19.04.2024 को होगी ।
6. मीटिंग के लिये दो–दो सजन हर ब्रांच से, व कम से कम पांच–पांच सजन हर स्कूल से, अवश्य ठहरें।
7. छोटे या बड़े बच्चों के साथ माता–पिता सजनों ने अवश्य आना है।

सब सजनों को जय सीता राम ।

वसुन्धरा तक पहुंचने का नक्शा पीछे छपा हुआ है ।

दूरभाष : 0129–2201071, 2201125, 9350257570

यज्ञ पर इस पते पर पहुँचें
सतयुग दर्शन वसुन्धरा
भूपानि लालपुर रोड़, नजदीक गांव भूपानि, फरीदाबाद

HOW TO REACH VASUNDHRA